هندى

# لماذا أسلم هؤلاء ؟

# इन लोगों ने इस्लाम क्यों स्वीकार किया ?


إعداد

عطاء الرحمن بن عبدالله سعيدى

अताउर्रहमान सईदी



**إعداد و إصدار**

المكتب التعاوني للدعوة والإرشاد

و توعية الجاليات بالأحساء

# भूमिका

इस संसार में विभिन्न प्रकार के धर्म पाये जाते हैं तथा हर एक इस बात का याचना करता है कि हमारा धर्म सत्य है। प्रन्तु वस्तुस्थिति यह है कि वही धर्म सत्य है जिसे विश्वकर्ता ने उतारा तथा सारे लोगों के लिए निर्वाचित किया हो और वह इस्लाम है। शुभ कुर्आन में है :

إِنَّ الدِّينَ عِنْدَ اللَّهِ الْأِسْلامُ (آل عمران:थ© NO DISTRIB ALLOWED)

निःसंदेह अल्लाह के निकट धर्म इस्लाम ही है।(सूरह आले इमरान१९)

وَمَنْ يَبْتَغِ غَيْرَ الْأِسْلامِ دِيناً فَلَنْ يُقْبَلَ مِنْهُ وَهُوَ فِي الْآخِرَةِ مِنَ الْخَاسِرِينَ

जो व्यक्ति इस्लाम के अतिरिक्त किसी और धर्म को चाहे तो कदापि उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा प्रलोक में वह घाटे उठाने वालों की पंक्तियों में होगा। (सूरह आले इमरानः८५)

अल्लाह ने इस्लाम धर्म ही को अपनी प्रसन्न्ता का कारण बनाया तथा अपने अवतारों को इसी के प्रचार एवं प्रसार का आदेश दिया और सारे अवतारों ने इसी का एलान किया।

इस पुस्तक में मैं ने ऐसे लोगों की कहानी उन्ही की ज़बानी लिखा है जिन्हों ने इस्लाम को पढ़ा तथा

समझा फिर उसे हृदय से स्वीकार कि जबकि यह वैज्ञानिक,चिकित्सक,चतुर लोग हैं।

इस पुस्तक के लिखने का उद्देश्य केवल यह है कि हम संसार वालों को बता सकें कि आपके इन मित्रौं के इस्लाम स्वीकार करने का कारण क्या है ? तथा वे प्रलोक में क्या चाहते हैं ?

साथ ही साथ मैं सारे लोगों को निमंत्रण देता हूँ कि हर एक इस बात पर ध्यानपूर्वक मननचिन्तन करे कि हमारा तथा संसार की सारी वस्तुओं का रचयिता और पलानहार ,अननदाता,शक्तिवाला तथा पूज्य कौन है ? र्स्वग कैसे प्राप्त हो सकता है ? हमारा पलानहार हम से कैसे प्रसन्न होगा ? क्या कोई भी सृष्टि पूज्य हो सकता है ? सारे अवतारौं का धर्म क्या था ?इस पुस्तक के लिखने में मैं ने अरबी भाषा में लिखी गई किताब (हमने इस्लाम क्यों स्वीकार किया.अनुवादक.मुस्तफा जबर)तथा इस्लाम वेब साइट से सहायता लिया है अल्लाह से प्रार्थना है कि वह सारे मनुष्यों को अपना धर्म स्वीकार करने की दैवयोग दे। आमीन

आप का शुभेच्छुक
अताउर्रहमान सईदी
इस्लामिक सेन्टर अल-अहसा

## जलालुद्दीन लोडेर बरन्तून

Sir.Jalaulddin louder Brunton (1)

इन्हों ने आक्सफोर्ड़ विश्व विद्यालय में शिक्षा प्राप्त किया और अंग्रेज़ के बहुत बड़े लोगों मेसे थे तथा इनको जगत्प्रसिद्ध मिली थी.

में इस शुभ अवसर पर बहुत ही प्रशस्त एवं प्रसन्न हूँ कि मुझे संक्षिप्त शब्द मैं अपने इस्लाम स्वीकार करने का कथा बयान करने का अवसर मिला है।

कई वर्षों से मैं इस बात पर ध्यानपूर्वक सोच रहा था कि अनेक निर्वाचित भले लोगों के सिवाय सारे लोगों को प्रलोक दराड दिया जायेगा। इस से हमें काफी विस्मय एवं शंका लगा रहता था। अतः धीरे धीरे हमें पालनहार के अस्तित्व का पक्का विश्वास हो गया फिर मैं दूसरे धर्मों का अध्ययन करने लगा जिस से मेरी विस्मय और बढ़ने लगी। दूसरे धर्मों के अध्ययन से यह लाभ हुवा कि वास्तविक पालनहार पर मेरा विश्वास बढ़ता गया और वास्तविक पालनहार की उपासना तथा उसके मार्ग पर चलने का उल्लास एवं अभिलाषा  अधिक से अधिक हो गया।

लोगों का कहना है कि ईसाई आस्था का मूल इन्जील है,लेकिन उसे पढ़ने के बाद पता चला कि उस में घृणा,पारस्परिक तथा टकराव है, तो क्या ऐसा हो सकता है कि इन्जील तथा ईसा मसीहह् की शिक्षा में परिवर्तन हुवा हो? फिर दो बारह मैं पूर्ण सूक्ष्मदर्शी से इन्जील पढ़ने लगा तो हमें पता चला कि इस में इस प्रकार टकराव तथा पारस्परिक है कि उसकी सीमाकरण नही हो सकता ।

मैं ने इस बात का विश्वास कर लिया कि सत्य के बारे में छान बीन करने की आवश्यकता है चाहे जितना लमबा समय लगे ताकि में बहुमूल्य मोती तक पहुंच सकूं इस वासतो मैं ने अपना पूरा समय इस्लाम के पढ़ने में लगा दिया और इस्लाम के बारे में मैंने हर प्रकार की पुस्तक का अध्ययन किया । अंत में अंतिम संदेष्टा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की जीवनचरित्र का ध्यान पूर्वक अध्ययन किया । जब कि इस से पहले मैं इनके बारे में बहुत ही थोडा ज्ञान रखता था, हाँ इस बात का हमें पता था कि सारे के सारे ईसाई इस अंतिम महान संदेष्टा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के नकारने पर सहमत हैं । इसी लिये में ने अपने मन में यह ठान लिया कि मैं उनके बारे में

बिना किसी विद्वेष तथा छल के अध्ययन करूँ। अतः बहुत ही थोडे समय में यह जान गया कि इस में कोई शंका नही कि अंतिम संदेष्टा मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम सत्य तथा अल्लाह के ओर निमंत्रण देने में सच्चे थे एवं उनका निमंत्रण भी सत्य था। तथा जो कुछ इस महान अंतिम संदेष्टा ने सारे मनुष्य के लिये प्रस्तुत किया है उसके पढ़ने के बाद यह मालूम हुवा कि इस से बढ़ कर कोई पाप एवं दोष नहीं कि इस ईश्वरभक्त मनुष्य को नकारा जाये।

अरब निवासी, मूरतियों के पुजारी,हर प्रकार के अपराध करने वाले,पशुता की जीवन बिताने वाले, बात बात पर मार काट करने वालों ने इसी अंतिम संदेष्टा की निमंत्रण से मनुष्यता सीखी, और हर पाप को छोड कर आपस में भाई भाई होकर अपने हाथों से बनाये मूर्तियों के रूप में झूठे ईश्वरों को तोड दिया तथा एक अल्लाह को मान कर उसके पुजारी हो गये.इस महान दूत की सेवा तथा महान कार्य को कोई गिन नहीं सकता। लेकिन आश्चर्य इस बात पर है कि सारे के सारे धर्म और विशेष रूप से ईसाई धर्म इस महान दूत की महिमा पर कीचड उछालते हैं। क्या यह दुख की बात नहीं है ?

मैने ध्यान पूर्वक मननचिन्तन किया तथा मैं मननचिन्तन कर ही रहा था कि मेरे पास मेरे एक हिन्दुसतानी मित्र मियाँ अमीरुद्दीन आये मैंने उन के साथ ईसाइयों के आस्था पर विवाद किया इस से मेर हृदय मे इस्लाम की महानता बैठ गई फिर मैं ने दृढ़ विश्वास कर लिया कि यही इस्लाम सत्य सरल,अवहेलना प्यार व महब्बत में निःस्वार्थता का धर्म है ।

मैं इस बात का आशा नहीं करता कि मैं अधिक दिन तक जीवित रहूंगा प्रन्तु जीवन का जो भी भाग बाकी बचा है उसको मैं इस्लाम की सेवा के लिये धर्मार्थ दान करूंगा ।

## मुहम्मद अमान होभोम
## MOHAMMD AMAN HOBHOM (2)

पाश्चात्य देश वाले क्यों इस्लाम स्वीकार करते हैं ?
इसके बहुत से कारण हैं | सब से बड़ा कारण यह है कि सत्य को सदा शक्ति एवं प्रभुत्व प्राप्त होती है,तथा इस्लाम के मौलिक आस्थायें सारे के सारे मानव बुद्धि एवं मानव स्वभाव के अनुसार हैं | इस्लाम ने जो मानव बुद्धि एवं मानव स्वभाव को आदर दिया है कोई सत्य का न्यास धारी खोजी बिना स्वीकार किये रह नहीं सकता |

उदाहरणतः आप एकेश्वरवाद आस्था को ले लें(जिसका अर्थ यह है कि केवल अल्लाह ही पूज्य है वह अपने सारे कार्य में अकेला है उसका कोई भागीदार नहीं तथा न ही उसका कोई रूप है, वह किसी के अधीनी नहीं सभी उसके अधीनी हैं,न उस से कोई पैदा हुआ तथा न उसे किसी ने पैदा किया,और न कोई उसका समकक्ष है|)इस आस्था से किस प्रकार मनुष्य की मर्यादा बढ़ती है | तथा किस प्रकार हमारी बुद्धि प्रलाप के पीछे चलने से स्वतन्त्र हो जाती है , अतः यह आस्था किस प्रकार लोगों के बीच समता की शिक्षा देती है इस लिये कि उन सब का पालनहार एक है और वे सारे के सारे

इसी एक पलानहार अल्लाह के दास हैं। इस्लाम प्रलोक के दिन पर विशवास का निमन्तरण देता है और प्रलोक एवं लेखा जोखी पर विश्वास मनुष्य को सारे पाप के कार्य को जड़ से उखाड़ फेंकने पर उभारता हैं क्यों कि मात्र अच्छाइयाँ ही सदा बाकी रहने वाली स्वर्गाय पदार्थ का मार्ग है। इसी प्रकार इस्लाम के आधार में से है कि हर मनुष्य अपने किये का पूरा पूरा फल पाये गा,तथा उसका बादशाहों के बादशाह,न्यायशील हर चीज के बारे में जानने वाले के सामने लेखा जोखी होगा, जिस से कण के समुतल्य पुण्य या पाप ढ़का छिपा न होगा,यह विश्वास हमको निमंत्रण देता है कि हम कोई भी पाप करने से पहले कई बार विचार करैं। निस्सन्देह मनुष्य पर इस अंतरात्मा की शक्ति का प्रभाव संसार के सारे फौजी शक्ति के प्रभाव से अधिक होगा।

विमुस्लिमों को इस्लाम के ओर खीचने वाली दूसरी चीजैं यह भी हैं!कि इस्लाम अवहेलना की आग्रह करता है। इस्लाम में प्रति दिन पाँच समय की नमाज़ मनुष्य को निरन्तरता सिखाता है। रमज़ान के रोज़े मनुष्य को श्वास पर नियंत्रण का अभ्यास्त बनाता है।

निस्सन्देह श्वास नियंत्रण एवं अभ्यास्त यह दोनों महान एवं सदाचारी मनुष्य की बड़ी विशेषता मेंसे है।

विशेष रूप से इस्लाम ही वह एकाका धर्म है जो अपने स्वीकार करने वालों को अभिवादन,स्वभाव की शिक्षा देता है, क्योंकि मुसलमान जहाँ कहीं भी हो वह इस बात पर विश्वास रखता है कि उसका पालनहार उसको देख रहा है तथा यह विश्वास उसको पाप करने से रोक देता है।

यह बात भी है कि मनुष्य स्वभावतः कल्याण पसन्द करता है और इस्लाम सब से बड़ी चीज़ जो लोगों को देता है वह है हृदयशान्ति. और यह किसी भी धर्म में नहीं है।

मैं ने बहुत से समाज में जीवन बिताया है तथा बहुत सारे जीवनसिद्धांत एवं राजनैतिक सिद्धांत को पढ़ा है प्रन्तु मैं जिस परिणाम पर पहुंचा हू वह यह है कि इस्लाम ही में सन्तुष्ट जीवन व्यतीत करने के लिये पूचर्ण सिद्धान्त है इसी कारण सभी लोग इस्लाम स्वीकार कर रहे हैं।

इस्लाम कुछ सिंद्धातों का नाम नहीं है बल्कि यह व्यावहारिक रीति है मात्र संस्था रीति नहीं है, बल्कि अल्लाह की चाहत तथा उसकी शिक्षाओं के लिये विनीति है। जो किसी भी धर्म में नहीं है।

# मुराद होफमान (3)

मुराद होफमान जरमनी के रहने वाले हैं. इनहों ने विधिझ में पी.एच.ड़ी.हाड़ वाड़ विश्व विधालय से किया | और जरमन के राजदूत भी थे |

एक बार इनका गाड़ी से भयानक घटना हुआ| तो अस्त्र चिकित्सा के बाद अस्त्रचिकित्सक ने इन से कहा कि इस प्रकार के घटना में वास्तव में कोई बचता नहीं है | और ऐ मेरे प्यारे ! अल्लाह ने आप के वासते कोई बहुत ही विशेष चीज़ संचयकारी किये हुए है | यह ईसाई थे बाद में इन्हों ने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया | तथा इस विषय पर बहुत सारी पुस्तकें लिखीं | इनके इस्लाम स्वीकार करने के बाद विभिन्न प्रकार के पत्र प्रतिनिधियों एवं पत्रकारों ने समाचार पत्र , रेड़ियों आदि में बहुत सारे परोपगंड़े किये तथा उनके इस कार्य को बहुत ही उछाला प्ररन्तु इन पर कोई प्रभाव न पड़ा. बल्कि और ही इस्लाम में शकित्शाली होते गये |

इस्लाम की आवाहन कम होने के पश्चात संसार में बहुत ही तेज़ी के साथ इस्लाम के फैलने तथा लोगो के स्वीकार करने के कारण बाताते हुए उन्हों ने कहा है कि :

इस्लाम का तेज़ी के साथ फैलना उसकी निशानियों में से एक निशानी है, और यह इस कारण कि इस्लाम संमपूर्ण धर्म है जो साक्षात्कार की शक्ति रखता है. तथा उसकी विशिष्टताओं में से है कि उसने शिक्षा प्राप्त करने को जरूरी  किया है ,और शिक्षा उपासना है ००००

और होफमान पाश्चात्य देश के लोगों के बारे में आश्चर्य होकर कहते हैं कि पाश्चात्य देश वाले आज तक  बक़रीद में मुसलमानों के पशु बलिदान देने को हस्त्रिपशु कहते हैं जबकि आज तक वे अपनी नमाज़ का नाम बलिदान ही देते हैं, तथा बराबर शुक्रवार के दिन सोग मनाते हैं क्योंकि पालनहार ने अपने पुत्र को हमारे वासते बलिदान कर दिया है.(पशु का बलिदान देना हस्त्रिपशु है और अपने पुत्र को बलिदान करदेना उनका असल धर्म है)

# यूसुफ इस्लाम (4)

मैं अपने इस्लाम स्वीकार करने की कहानी बताना चाहता हूँ। आप सारे लोग यह जानते हैं कि अल्लाह ने भूतल पर हम सब को प्रतिनिधि बनाया है। तथा हमारे वासते ईशदूतों को भेजा तथा अन्त में हमारे संदेष्टा मुहम्मद सल्लल्लाहुअलैहिवसल्लम को ताकि वह हमैं सीधा मार्ग दिखायें। और हर मनुष्य पर आवश्यक है कि वह इस प्रतिनिधि के विषय पर ध्यान दे तथा आने वाली सदा जीवन(प्रलोक दिन) के लिये अपने वासते कुछ जमा करले।

क्यों कि जिस से यह अवसर खो जायेगा पुनः नहीं पाये गा। जैसा कि शुभ कुर्आन मे है। --- काश कि आप देखते जब कि पापी लोग अपने पालनहार के समक्ष सिर झुकाये हुए होंगे, कहेंगे कि हे हमारे पालनहार!हम ने देख लिया तथा सुन लिया, अब तू हमें वापस लौटा दे तो पुण्य के कार्य करेंगे, हम विश्वास वाले हैं। तथा यदि हम चाहते तो प्रत्येक व्यक्ति को मार्गदर्शन प्रप्त कर देते, परन्तु मेरी यह बात पूर्णताःसत्य हो चुकी है कि मैं अवश्य नरक को मनुष्यों तथा जिन्नों से भर दूँगा। अब तुम अपने उस

दिन के मिलन को भूल जाने का स्वाद चखो,हमने भी तुम्हें भुला दिया अपने किये हुये कर्मों के दुष्परिणाम से स्थाई यातना का आनन्द लो --- | (सूरह सजदह १२,१३,१४)दूसरे अस्थान पर इस प्रकार है--- वे लोग उस में (नरक में)चिल्लायेंगे कि हमारे पालनहार ! हमको निकाल ले हम अच्छे कर्म करेंगें उन कर्मों के विपरीत जो किया करते थे. (अल्लाह कहेगा ) कि क्या हमने तुम्हें इतनी आयु नहीं दी थी कि जिसको समझना होता वह समझ सकता तथा तुम्हारे पास डराने वाला भी पहुँचा था तो स्वाद चखो कि (ऐसे) अतयाचारियों का कोई सहायता करने वाला नहीं है --- |

मैं एक धनवान घर में जो ईसाई धर्म के मानने वाले थे पैदा हुआ,मैंने भी अपने माता पिता का धर्म पढ़ा जैसा कि हमें मालूम है कि हर बालक स्वभाव पर जन्म लेता है.परन्तु उसके घर वाले उसको मजूसी बना देते हैं या यहूदी ,इसी कारण मुझे यह कह कर कि यही वह धर्म है जिसपर मेरे पिता ने हमको पाला पोसा है | ईसाई बना दिया गया तथा मैं ने यह सीखा कि अल्लाह मौजूद है परन्तु बिना किसी सम्बन्ध के उससे सम्पर्क नहीं हो सकता और बिना ईसा मसीहह के सम्बन्ध के उस तक पहुँचा नहीं जा सकता

अतः ईसा मसीहह ही केवल अल्लाह तक पहुंचने के लिये दरवाजह हैं। मैं इस बात से बहुत ही कम संतुष्ट था और मेरी मानव बुद्धि इसे स्वीकार नहीं करती थी।

मैं संदेष्टा ईसा मसीह की मूर्ती के ओर देखता तो मैं उसको पत्थर के सिवाये कुछ नहीं पाता जिसमें पराण नहीं है। इसी प्रकार त्रीश्वरवाद की सोच से में काफी ब्याकुल रहता था फिर भी अपने पिता के धर्म का आदर करते हुये मैं विवाद नहीं करता।

फिर मैं धीरे धीरे अपने धारमिक विकास तथा उसके विभिन्न आस्थावों से दूर होने लगा और में गानविद्य एवं गान में अभिरूचि लेने लगा तथा मैं एक प्रसिद्ध गायक बनने का सपना देखने लगा। और इस चमतकार जीवन ने मुझे अपने बाहों मे इस प्रकार दबोच लिया कि यही मेरा प्रभू हो गया तथा अपने एक मामू की तरह मैं ने धन को अपना अभिप्रेत बना लिया कि किसी प्रकार धनवान होना है। इसका कारण वह समाज है जिसमें मेरा जन्म हुआ क्यों कि दुन्यादारी ही उनकी सब कुछ थी तथा यही उनका प्रभू था।

अब मेरा पूरा का पूरा ध्यान धन पर लग गया तथा पूर्ण रूप से मैं धन के बटोरने में लग गया। और

मैं ने बहुत सी संगीत कही | प्रन्तु मेरे हृदय में निर्धनों की सहायता की इच्छा थी और मैं यह कार्य करता रहा फिर भी जैसा कि शुभ कुर्आन में है मनुष्य लालची होता है चाहे जितना उसे दे डालो |
मैं अपने उद्देश्य में सफल रहा तथा अभी मैं १९वर्ष ही का था कि मेरी जगत्प्रसिद्धि सारे समाचार पत्र में आगई.तथा लोगों ने मुझे हाथों हाथ ले लिया |

धन तथा समुन्नत जीवन में सफलता एवं जगत्प्रसिद्धि प्राप्त करने के एक वर्ष के बाद मैं सिल की बीमारी के कारण आरोग्यशाला में भरती हो गया | इसी बीच मैं अपनी हालत तथा जीवन के बारे में यह चिनतन करने लगा कि क्या मैं मात्र शरीर हूं ?तथा क्या मैं इस शरीर को सुशील कर सकता हूँ ? अतः यह घटना अल्लाह के ओर से प्रसाद था कि हमें अपनी हालत के बारे में सोचने एवं सत्य पर आँख खोल कर सत्य के ओर पलटने का अवसर मिला | मेरे बुद्धि में यह प्रश्न बार बार उठता था कि मैं इस बिस्तर पर क्यों सोया हूँ ? तथा इस प्रकार बहुत से प्रश्न थे जिनका मैं उत्तर खोजता था | इस समय वहाँ पूरबी एशिया की आस्थायें फैली हुई थीं | अतः मैं इन आस्थाओं के विषय में पढ़ने लगा | और पहली बार मैं

मृत्यु के बारे में मानव चिन्तन करने लगा | तथा मैं नें यह जान लिया कि प्राण दूसरी जीवन के ओर स्थानांतरित होगी ,केवल संसार के जीवन पर निर्भर नहीं है | इस समय हमैं यह अनुभूत होने लगा कि पथ पर्दशन के आरंभ मार्ग पर हूँ | तथा मैं ध्यान पूर्वक मानव चिन्तन करने लगा और इस परिणाम पर पहुंच गया कि मैं मात्र शरीर नहीं हूँ |

एक दिन मैं चल रहा था कि अचानक वर्षा होने लगी जिस से बचने के लिये मैं दौड़ने लगा कि हमैं वह बात याद आगई जिसे मैंने इस से पहले सुना था | कि शरीर उस गदहे के प्रकार है जिसकी शिल्पिक आवश्यक है ताकि उसका मालिक जहाँ चाहे ले जाये वरना गदहा अपने मालिक को जहाँ चाहेगा ले जाये गा प्रन्तु मैं संकलप वाला मनुष्य हूँ मात्र शरीर नहीं हूँ | जैसा कि पूरबी आस्थाओं के पढ़ने से हमैं पता चला,अतः पूर्ण रूप से मैं ईसाई धर्म से निराश हो गया | स्वास्थ्य पाने के बाद दोबारह गाने बजाने में लग गया फिर भी मेरी गानविद्या मेरे नये सोच के ओर भागने लगी |

मैंने बहुत सी गीत कही उसी समय मैंने एक गीत कही जिसका विषय था (अल्लाह की पहचान का मार्ग) और संगीत एवं गानविद्या मेरी प्रसिद्धि बढ़ती

गई.प्रन्तु भीतर ही भीतर मैं सत्य के खोज में था । इसी स्थल में मेरा आतमा बुद्धिष्ट धर्म से सन्तुष्ट हो गया कि हो सकता है यह अच्छा एवं समुन्नत आस्था हो । प्ररन्तु मैं संसार सन्नयास ले कर केवल उपासना में लग जाना नही चाहता था । इस लिये कि मैं संसार के माया से चिम्टा हुआ था और साधुत्व की कुटी में एकांतवास हो कर रहना नहीं चाहता था ।

इसके बाद मैं अपना खोया हुआ निधि विभिन्न प्रकार से खोज रहा था । उस समय इस्लाम के बारे में मैं कुछ नहीं जानता था । प्रन्तु इस्लाम के बारे में जानकारी जिस प्रकार हुई उसको मैं चमत्कार समझता हूं । हुआ यह कि मेरे भाई ने फिलिसतीन का यात्रा किया और वहाँ मस्जिद अक़्सा में जो आध्यात्मिक ,आंतरिक चहल पहल देखा जो कि यहूदियों के पूजा स्थानों में कभी भी पाया नहीं जाता बहुत ही अधिक विस्मित लौटा ।

मेरा भाई वहाँ से एक शुभ अनुवादक कुर्आन लेकर आया और वह स्वयं इस शुभ पुस्तक में बिना इस्लाम स्वीकार किये विचित्र चीज अनुभूत किया और सोचा कि हो सकता है कि मैं इसमें अपना खोया हुआ निधि पाजाऊँ ।

जिस समय मैंने इस शुभ कुर्आन को पढ़ा तो उस में मैंने पथ प्रर्दशन पाया । कुर्आन ने हमें हमारे पैदा किये जाने की वास्तविकता तथा जीवन का उद्देश्य बताया तथा यह पता चला कि मैं कहाँ से आया हूँ । उसी समय हमें यह विश्वास हो गया कि यही सत्य धर्म है । अतः इस धर्म की वास्तविकता पच्छमी लोगों की सोच से अलग है । और यह व्यावहारिक धर्म है और श्रद्धालु चीज नहीं है कि हम उसे बूढ़े होते समय प्रयोग करैं । हमें यह भी ज्ञान हुआ कि पराण एवं शरीर दोनों अलग नहीं होते तथा हमारे ऊपर आवश्यक है कि हम अल्लाह की इच्छा के लिये विनीति अपना लें । और उच्चता एवं प्रगति के लिये केवल यही एक मार्ग है । और इसी समय इस्लाम के स्वीकार करने के लिये मेरी इच्छा अचल हो गई ।

उसी समय से मैं यह जानने लगा कि हर चीज अल्लाह की रचना है और उसी की बनाई हुई है । तथा अल्लाह ही सत्य पूज्य है जिसके सिवाय कोई अराध्य नहीं जो जीवित है एवं सबका सहायक आधार है,जिसे न ऊँघ अती है न निद्रा, तथा उसी समय से मैं अल्लाह का नकारना छोड़ने लगा इस लिये कि मैं अपने रचियता को पहचान गया । तथा अपने पैदा किये जाने

का उद्देश्य भी | और वह है पूर्ण प्रकार से अल्लाह की शिक्षाओं को ह्रदय से स्वीकार कर लेना तथा उसके आधार पर जीवन बिताना | इसी को इस्लाम कहते हैं |

कुर्आन पढ़ने से हमें यह भी ज्ञान हुआ कि अल्लाह ने सारे ईश्वरसंदेष्टाओं को एक ही संदेश दे कर भेजा है | कि केवल एक अल्लाह की पूजा करो तथा उसी को पूज्य मानो तो फिर क्यों यहूदी और ईसाई विभेद करते हैं ? हाँ यहूदियों ने ईसा को नही स्वीकार किया क्यों कि उन लोगों ने उनकी बात में परिवर्तन किया प्रन्तु आश्चर्य तो यह है कि ईसाइयों ने भी ईसा के संदेश को नही समझा और उनको अल्लाह का पुत्र मान लिया |

प्रन्तु कुर्आन हमको आवाहन करता है कि हम माननचिन्तन करैं और सोचैं तथा हम सूर्य ,चंद्र की पूजा न करैं बल्कि उस रचयिता,विश्वकर्ता की पूजा करैं जिस ने हर चीज रचा है और पैदा किया है | अतः कुर्आन ने सारे मनुष्यों को सूर्य ,चंद्र एवं अल्लाह की सारी सृष्टि के बारे में चिन्तन करने का आदेश दिया है | तो क्यिा कभी हमने ध्यान दिया कि सूर्य किस प्रकार चंद्र से निभिन्न है ? भूतल से दूरी में दोनों के निभिन्न होने पर भी लगता है कि दोनों की दूरी एक है तथा

कभी कभार ऐसा लगता है कि एक दूसरे को छाजाये गा | सच अल्लाह पवित्र है | जिस समय विस्तृतभूमि में जाने वाले गये तथा विस्तृतभूमि के प्रतियोगिता भूतल की छुटाई देखी तो अल्लाह पर विश्वास करलिया क्यों कि उन लोगों ने अल्लाह की शक्ति तथा उसकी निशानी देख ली |

जिस प्रकार मैं कुर्आन को पढ़ता गया नमाज़, धर्मादाय, अच्छा व्यवहार , के बारे में भी बहुत कुछ जान गया | तथा इसके बाद भी मैं इस्लाम स्वीकार न करता प्रन्तु मैं ने जान लिया कि कुर्आन ही मेरा खोया हुआ निधि है|तथा अल्लाह ने उसको मेरे लिये भेजा है | फिर भी अपने दिल की बात को छुपा कर रख्खा किसी से न कहा |

उसी समय मैं अपने भाई की तरह फिलिस्तीन जाना चाहा | मैं एक मस्जिद में बैठा ही सोच रहा था कि अचानक एक आदमी ने पूछा तुम क्या चाहते हो ? तो मैंने उसे बता दिया कि मैं मुसलमान हूँ | इसके बाद उस ने मेरा नाम पूछा जिस पर मैं ने कहा मेरा नाम सतीफन्स है ,उस आदमी को इस से बहुत ही आश्चर्य हुआ | अतः मैं नमाज पढ़ने वालों के साथ मिल गया | तथा जिस प्रकार हो सका उन्हीं लोंगो की तरह करने

लगा | लन्डन वापसी के बाद मेरी भेंट एक मुसलमान बहन से हुई जिसका नाम नफीसह था तो मैं ने उसे अपने ह्रदय की बात बता दी कि मैं इस्लाम स्वीकार करना चाहता हूँ | तो उसने हमको न्योरीजन्ट मस्जिद जाने के लिये कहा , यह लग भग कुर्आन पढ़ लेने के एक वर्ष छ महीने के बाद १९७७ की बात है | तथा उसी समय हमको यह विश्वास हो गया कि हमैं अपनी अभिमान एवं शैतान से परमपद प्राप्त करके एक दिशा के ओर चलना आवश्यक है | फिर शुक्रवार के दिन नमाज के बाद मैं इमाम से नजदीक हुवा तथा उसके सामने अपने इस्लाम का प्रचार करदिया | प्रसिद्धिता एवं धनमान होने के बावजूद हमको यह निर्देश कुर्आन ही से मिला | अब मैं ईसाइयों तथा दूसरे धर्म वालों के प्रतिबिम्ब सीधे अल्लाह से अपना समपर्क बना सकता हूँ | क्यों कि हमको एक बार एक हिन्दू महिला ने बताया कि हम केवल एक अल्लाह की ईश्वरत्व पर आस्था रखते हैं प्रन्तु इन मूर्तियों का प्रयोग केवल अल्लाह तक पहुंचने के लिये करते हैं | उसकी इस बात का अर्थ यह हुवा कि अल्लाह तक पहुंचने के लिये किसी न किसी माध्यम का होना आवश्यक है | प्रन्तु इस्लाम ने इन सारी रुकावटों को समाप्त कर दिया|

और केवल एक चीज है जो मुसलमान तथा विमुस्लिमों में अंतर कर देती है वह नमाज है। जो अध्यात्मिकता की पवित्रता के लिये केवल एक मार्ग है।

अन्त में मैं यह कहना चाहता हूँ कि मैं अपने सारे कार्य अल्लाह के लिये करना चाहता हूँ तथा अल्लाह से प्राथना करता हूँ कि मेरे इस्लाम स्वीकार करने की यह कहानी हर पढ़ने वाले के लिये भयोत्पादक बने। यहाँ यह भी कहता हूँ कि इस्लाम स्वीकार करने से पहले मैं ने किसी भी मुसलमान आदमी से संमपर्क नहीं किया केवल मैं ने कुर्आन पढ़ा तो मैं ने इस्लाम को सम्पूर्ण पाया। और अगर हम कुर्आन तथा अन्तिम ईश्दूत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम की शिक्षा अनुसार अपनी जीवन व्यतीत करेंगे तो इस संसार में सफल होंगे। अल्लाह हम सब को अपने ईश्दूत के मार्ग को अपनाने का अवसर दे।

## मोरीस बुकाय (5)

मोरीस बुकाय फराँस के बासी थे। उनका धर्म नसरानी था। तथा यही धर्म उनके माता पिता का भी था। फराँस विश्व विद्यालय से चिकित्सा शास्त्र का प्रमाणपत्र प्राप्त किया,और इतना प्रसिद्धि हुये कि फरांस में सब से बड़े कुशल अस्त्रचिकित्सक के नाम से जाने जाते थे। उनके धर्म परिवर्तन में कुशलता एक आशचर्य कहानी है जिसने उनके हृदय का संसार बदल दिया,तथा उनकी जीवन बदल गई।

फराँस के बारे में यह प्रसिद्धि है कि वह पुरातत्व का सब से अधिक तत्वावधान करने वाला देश है, जिस समय फराँस का प्रधान मंत्री फराँसू मीटारान १९८१ में हुवा तो उसने मिस्र से मिस्र के फिरऔन की लाश माँगी ताकि उस पर कुछ चिकित्सा अनुमान किया जाये, अतः फिरऔन की लाश फराँस लाई गई और सिज समय यह लाश फराँस के हवाई अड्डा पर विमान से उतरा तो फराँस के प्रधामन मंत्री ने उसका इस प्रकार स्वागत किया कि लगता था फिरऔन जीवित है तथा अब भी चीख रहा है कि मैं तुम सब का सब से बडा पालनहार हूँ।

अतः शव फ्रांसा के पुरातत्व सेन्टर लेजाया गया तकि बड़े बड़े अस्त्रचिकित्सक उसके बारे में गवेषणा करैं तथा अस्त्रचिकित्सकों के प्रधान मोरीस बुकाय थे | गवेषणा में मोरीस बुकाय का ध्यान इस पर था कि यह पता लगाया जाये कि इस फिरऔन का देहाँत कैसे हुवा है जब कि दूसरे लोग कुछ और ही गवेषणा कर रहे थे | रात के अन्तिम समय में यह पता चला कि यह जलमग्न हो कर मरा है क्यों कि उसके शरीर पर कुछ समुन्द्री नमक का भाग बाकी था | साथ ही साथ यह भी पता चला कि उसकी लाश डूबने के कुछ ही समय बाद निकाली गई है | प्रन्तु आश्चर्य बात यह है कि दूसरी फिरऔनी लाशों के अलावह इसकी लाश केवल इस प्रकार सुरक्षित क्यों बाकी है जब कि सारी लाशैं समुंद्र से निकाली गई हैं ?

मोरीस बुकाय सारे गवेषणा की प्रतिवेदन लिख रहे थे कि अचानक एक आदमी ने उनके कान में चुपके से कहा कि जल्दी न करो मुसलमान लोगों का कहना है कि वह जलमग्न होकर मरा है | प्रन्तु मोरीस ने इस सूचना को बिल्कुल नकार दिया तथा अश्चर्य में पड़ गए कि इस प्रकार का ज्ञान बड़ी मशीनो से गवेषणा करने के बाद ही हो सकता है | फिर उसी आदमी ने

कहा कि वह कुर्आन जिस पर मुसलमान विश्वास करते हैं उसमें इसके जलमग्न होने तथा इसकी लाश के सुरक्षित रहने का वर्णन आया है । इस से उनका आश्चर्य और ही बढ़ गया तथा लोगों से पूछने लगे । कि यह कैसे हो सकता है ? जब कि इस लाश का गवेषणा लग भग दो वर्ष पहले १८९८में हुवा है जब कि उनका कुर्आन १४०० सो सला पहले से है । यह बात बुद्धि में कैसे आ सकती है ? जब कि केवल अरब ही नहीं बल्कि सारे के सारे मनुष्य कुछ वर्ष पहले मिस्र के पुराने लोग अपने फिरऔनों पर हुनूत लगाना जाने हैं ।

मोरीस बुकाय पूरी रात बैठ कर ध्यान पूर्वक अपने मित्र की बात को सोचते रहे कि मुसलमानों के कुर्आन में डूबने के बाद इस लाश के बचने का वर्णन आया है । जब कि तौरात में यह है कि फिरऔन उस समय डूबा है जब मूसा को भगा रहा था । और उस में उसकी लाश के बारे में कोई चरचा नहीं है । अतः मोरीस अपने ह्रदय में कहने लगे कि क्या यह बात बुद्धि में आने वाली है कि यह मेरे सामने जो लाश है यह वही मिस्र का फिरऔन है जिसने मूसा को भगाया था ? तथा क्या यह बात बुद्धि में आने वाली है कि

मुसलमानों का मुहम्मद यह बात एक हजार वर्ष से अधिक पहले जान जाये ? और मैं अब जान पाया हूँ ।

मोरीस सो न सके तथा तौरात मंगाया । और तौरात में पाया कि जल ने फिरऔन की सारी सेना को लपेट लिया और उन में से कोई न बचा.. प्रन्तु मोरीस को बराबर आश्चर्य रहा कि पुरे तौरात में कहीं भी इसकी लाश के ठीक ठाक बच जाने का वर्णन नहीं मिलता है ।

फिरऔन की लाश को चिकित्षा एवं सुधार के बाद फराँस ने फिरऔन के वैभव के अनुसार शीशे के ताबूक में भेज दिया । प्रन्तु मोरीस को उस बात के कारण जो उन्हों ने फिरऔन की लाश के बारे में मुसलामानों के ओर से सुना था चैन न आया । इसी कारण संबल की तय्यारी करके सऊदी अरब में एक चिकित्षा महान सम्मेलन में भाग लेने के लिये जिस में बहुत से मुसलमान शव परीक्षा करने वाले भी भाग लिये थे यात्रा किया । वहाँ पर सब से पहले मोरीस ने फिरऔन की शव के बारे में जो खोज लगाया था उसी का चरचा किया । तुरंत एक मुसलमान ने कुर्आन खोल कर ईश्वरीय वाणी दिखाया :

فَالْيَوْمَ نُنَجِّيكَ بِبَدَنِكَ لِتَكُونَ لِمَنْ خَلْفَكَ آيَةً وَإِنَّ كَثِيراً مِنَ النَّاسِ عَنْ آيَاتِنَا لَغَافِلُونَ) (يونس:९२)

( तो आज हम तेरे शाव को छोड़ देंगे ताकि तू उन लोगों के लिए शिक्षा का चिन्ह हो जाये जो तेरे पश्चात है | तथा वस्तुतः अधिकाँश लोग हमारे प्रमाण चिन्हों से विमुख हैं ) (सूरह यूनुस ९२)

कुर्आन की इस आयत का मोरीस पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा तथा हृदय में इस प्रकार आवेश पैदा हुवा कि सारे लोगों के सामने खड़े हो कर निःसंकोच हो कर घोषणा कर दिया कि मैं ने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया तथा इस कुर्आन पर विश्वास कर लिया |

मोरीस फराँस बदल कर आये तथा लग भग दस वर्ष तक बिना किसी दूसरे कार्य के इस गवेश्वास में लग गये कि आज के समय के नए वैज्ञानिक सिद्धांत एवं अनुसाधान कुर्आन से कितना मेल खाते हैं | तथा कुर्आन के बयान किये हुये एक ही विज्ञानिक गवेषणा के बारे में कितना पारस्परिक है जान सकैं | ताकि कुर्आन की इस आयत का परिणाम उन्हें मिल सके |

(لا يَأْتِيهِ الْبَاطِلُ مِنْ بَيْنِ يَدَيْهِ وَلا مِنْ خَلْفِهِ تَنْزِيلٌ مِنْ حَكِيمٍ حَمِيدٍ)
(فصلت:टछ)

(जिस के पास असत्य फटक भी नहीं सकता न उसके

अगे से तथा न उसके पीछे से यह है अवतारित की हुई हिक्मत वाले एवं गुणों वाले (अल्लाह )की ओर से) कुछ ही वर्षों के बाद जिन्हें मोरीस ने फराँस में बिताया कुर्आन के बारे में एक पुस्तक लिखी जिस से पूरे पच्छमी देश तथा उसके विज्ञानिकों को हिला दिया। इस पुस्तक का नाम था कुर्आन, तौरात,इन्जील एवं ज्ञान नई मर्म के अनुसार पवित्र पुस्तकों पर गवेषणा (कुर्आन और नया चैलेंज) इस पुस्तक ने क्या किया?जैसे ही पहली बार छपा सारे पुस्तकालय से तुरन्त समाप्त हो गया।फिर असली भाषा फराँसीसी से अरबी, इन्गलिश, इन्ड़ोनेसी,फारसी,तुरकी,उर्दू,गुजराती, अलमानी आदि भाषा में अनुवाद होकर पनः छापी गई ताकि पूरब पच्छिम सारे पुस्तकालय में उपलब्ध हो जाये।

यहाँ यह बात भी याद रहे कि मोरीस की इस पुस्तक पर यहूद तथा नसरानी धर्म के सारे विज्ञानों ने खणडन करने तथा उत्तर देने का प्रयास किया प्रन्तु किसी ने भी कोई ग्राह्य पुस्तक न लिखी। यहाँ तक कि अन्त में डाक्टर वलेम कामेल ने प्रयास किया और ज्ञान एवं तिथि के अनुसार कुर्आन तथा पवित्र पुस्तकैं,,के नाम से एक पुस्तक लिखी इसमें दायें बायें बहुत चक्कर लगाया प्रन्तु कोई विशेष बात न लिख सके।

इस से आश्चर्य की बात यह है कि अरब के कुछ विज्ञानिक ने भी खणडन करने की प्रयास की प्रन्तु जब मोरीस की पुस्तक को ध्यान पूर्वक पढ़ने लगे तो मुसलमान हो गये ।

## मुहम्मद असद (6)

लिव बोल्ड फायस नमसावी( मुहम्मद असद ) यहूदी धर्म के मानने वाले थे | फीना विश्व विधालय में शास्त्र एवं दर्शनशस्त्र पढ़ा फिर पत्रकार बने तथा उसमें बहुत प्रसिद्धि हुए|और पूर्व इस्लामी अरब में पत्रराचारण हुये | बहुत दिनों तक फिलिसतीन में रहे | फिर क़ाहिरा का यात्रा किया तथा वहाँ इमाम मुस्तफा मुरागी से मिले| तथा उनसे बहुत से धर्मों के बारे में बात चीत की | अन्त में बात इस पर गई कि इस बात का आस्था कि इस्लाम में प्राण और शरीर मनुष्य की जीवन के लिये दो जुड़वा के चेहरे के प्रकार हैं जिसे अल्लाह ने पैदा किया है | फिर अज़हर ही में अरबी भाषा की शिक्षा प्रप्त करने लगे | अभी तक वह यहूदी ही थे |

लिव बोलड फायस सत्य के खोजने वाले तथा एक दूसरे से प्रश्न करने वाले मनुष्य थे | पिछड़े मुसलमान एवं उनके धर्म की वास्तविकता के बीच जो दूरी है उसके समूह काफी आश्चर्य में थे | एक दिन की बात है कि वह कुछ मसलमानों के पास इस्लाम की ओर से निवाण करने के लिये गये तथा उन्हों ने मुसलमानों पर पीछे रहने का आरोप लगाया | क्यों कि

वे इस्लाम से पीछे हैं | अचानक एक अच्छे मुसलमान ने उनकी बात सुन कर कहा कि आप तो मुसलमान हैं| प्रन्तु आप जानते नहीं हैं ! इस पर फायस यह कहते हुये हंसे कि मैं मुसलमान नहीं हूँ | प्रन्तु इस्लाम में मैंने जो सौन्दर्य देखा है उसे सोच कर जब मुसलमान को इसे खोता देखता हूँ तो बहुत ही क्रोध होता हूँ | लेकिन वह बात जो मुसलमान ने कही थी कि आप तो मुसलमान हैं उनके ह्रदय में बैठ गई तथा उनके भीतर खल बली मचा दी | तथा उसको उन्हों ने अपने सामने रख लिया  एक दिन आया कि वह मुसलमान हो गए |

फायस अपने इस्लाम स्वीकार करने का कारण निम्न लिखित बातैं बताते हैं

✧ इस्लाम इस प्रकार समपूर्ण धर्म है कि उसको बयान नहीं किया जासकता |

✧ इस्लाम बराबर मनुष्य को जीवन के सारे भाग एक जैसा बनाने का आज्ञा देता है |

✧ इस्लाम संसार एवं प्रलोक के दिन तथा पराण एवं शरीर ,अद्वितीय,समाज को एक जैसा महत्व देता है | तथा हमै सिखाता है कि अपने भीतर पाई जाने वाली

शक्ति से लाभ उठाऐं। और जो मनुष्य इस धर्म को ले कर आया है वह महान पथप्रदर्शक है।

✧वह मनुष्य जो भेजा गया वह सारे संसार वालों के लिये कृपा है उसके पथप्रदर्शक को नकराना अल्लाह की कृपा का नकारना है।

